E-mail-upjnkanshiramnagar@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कासगंज

कलैक्ट्रेट परिसर, सोरों रोड़ प्रहलादपुर, कासगंज, 207123

जल सारथी

पत्रांक 2511 / पेय0 कार्या0 सूचना / 07 दिनांक :– 27-08-2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
जनपद– कासगंज।

**विषय– डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 24.08.2026 को प्रकाशित ई–समाचार ''कासगंज में पाँच साल से पानी की टंकी अधूरी : कनेक्शन हुए पर घरों तक नही पहुँचा पानी, सड़के भी खराब'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 24.08.2026 को प्रकाशित ई–समाचार ''कासगंज में पाँच साल से पानी की टंकी अधूरी : कनेक्शन हुए पर घरों तक नही पहुँचा पानी, सड़के भी खराब'' खबर प्रकाशित की आख्या।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत म्यासुर में जल जीवन मिशन (फेज–2) कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजना निर्माणाधीन है। पेयजल योजनान्तर्गत शिरोपरि जलाशय क्षमता 01 नग (250 कि0ली0 / 14 मी0), 01 नग पम्पहाउस, 01 नग वाउन्ड्रीवॉल, 08.92 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 744 नग गृह पेयजल संयोजन के सापेक्ष शिरोपरि जलाशय स्टेजिंग तक, 01 नग पम्प हाउस पूर्ण, 01 नग वाउन्ड्रीवॉल पूर्ण, 08.92 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 338 नग गृह पेयजल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। *लगभग 15 माह से केन्द्रांश की धनराशि प्राप्त न होने के कारण पेयजल योजना के अवशेष कार्य प्रभावित हैं।* पेयजल योजना से सीधे पम्पिंग के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है लेकिन लीकेज के कारण वर्तमान में जलापूर्ति प्रभावित हो गयी थी। लीकेज मरम्मत का वर्तमान में प्रगति पर है। जिसे 03 दिवस के अन्दर पूर्ण कराकर जलापूर्ति सुचारू रूप से प्रारम्भ कर दी जायेगी। पाइप लाइन ज्योटिंग व टेस्टिंग एवं बाल्व फिक्सिंग का कार्य प्रगति पर है तथा सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा कुछ जगह जल भराव के कारण रोड़ सेटलमेंट हो गया है। जिसे शीघ्र ही सही करा दिया जायेगा। योजना के समस्त कार्य मार्च–2027 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। आख्या सादर् सूचनार्थ प्रेषित है।




भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एंव दिनांक उपरोक्तानुसार

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं का आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, कासगंज।
2. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यलय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।

अधिशासी अभियन्ता